भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1618
सोमवार, 3 अगस्त, 2026 (12 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

हिंडन विमानपत्तन पर वाणिज्यिक परिचालन

1618. श्रीमती सागरिका घोषः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गाजियाबाद स्थित हिंडन विमानपत्तन से संचालित उड़ानों की संख्या में आई भारी गिरावट के मद्देनज़र वहां के वाणिज्यिक प्रचालन की समीक्षा की गई है और क्या जेवर विमानपत्तन का प्रचालन प्रारंभ होने के पश्चात हिंडन विमानपत्तन पर वाणिज्यिक प्रचालन को चरणबद्ध रूप से कम किया जा रहा है;

(ख) हिंडन विमानपत्तन से वाणिज्यिक उड़ान परिचालन किस तिथि को प्रारंभ किया गया था और प्रचालन प्रारंभ होने के बाद से संचालित उड़ानों एवं प्रबंधित यात्री यातायात का माह-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) हिंडन विमानपत्तन से एयर इंडिया एक्सप्रेस की सेवाएँ बंद किए जाने के कारण क्या हैं और रद्द गई उड़ानों का मार्ग-वार ब्यौरा क्या है, किस किस तारीख को सेवाएँ रद्द कर दी गई तथा उड़ानों को रद्द करने के पीछे क्या किसी प्रकार की अवसंरचनात्मक, प्रचालनगत अथवा नीतिगत बाधाएं थी?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): हिंडन हवाईअड्डे से वाणिज्यिक उड़ान परिचालन दिनांक 01.03.2025 से शुरू हुए। वर्तमान में, मेसर्स स्टार एयर और इंडिगो द्वारा हिंडन हवाईअड्डे से प्रति सप्ताह 98 उड़ानें देशभर में परिचालित की जा रही हैं।

हिंडन हवाईअड्डे पर परिचालन शुरू होने के बाद से विमानों की आवाजाही और हैंडल किए गए यात्रियों का माह-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में संलग्न है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को विनियमनमुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें किसी भी विमान टाइप के साथ क्षमता को शामिल करने के लिए स्वतंत्र हैं, परिचालन एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर सेवा प्रदान करने हेतु स्वेच्छा से बाजार और नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

हिंडन हवाईअड्डे से एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों को बंद किए जाने का विवरण अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है।

अनुबंध-I

हिंडन हवाईअड्डे पर माह-वार विमान आवाजाही और हैंडल किए गए यात्री

वर्ष	माह	विमान आवाजाही (संख्या)	हैंडल किए गए यात्री (संख्या)
2025	मार्च	504	43250
	अप्रैल	618	58058
	मई	538	43741
	जून	756	70562
	जुलाई	964	101241
	अगस्त	1168	156537
	सितम्बर	1116	136366
	अक्टूबर	1008	126279
	नवंबर	906	122381
	दिसंबर	586	76164
2026	जनवरी	548	71564
	फरवरी	638	89073
	मार्च	614	79161

अनुबंध-II

हिंडन हवाईअड्डे से एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान बंद होने की मार्ग-वार तारीखें :

क्र. सं.	उड़ान संख्या	गंतव्य	समाप्ति तिथि
1	IX 1971	बैंगलोर	28-मार्च-26
2	IX 1242	मुंबई	27-मार्च-26
3	IX 1512	कोलकाता	30-नवंबर-25
4	IX 1511	गोवा	30-नवंबर-25
5	IX 2937	पटना	25-अक्टूबर-25
6	IX 1624	चेन्नै	30-नवंबर-25
7	IX 2979	वाराणसी	25-अक्टूबर-25
8	IX 1621	भुवनेश्वर	30-सितंबर-25
9	IX 1176	जयपुर	29-जुलाई-25

*****